जी0एस0टी0 ग्राहक ईनाम योजना बिल लाओ ईनाम पाओ

जी0एस0टी0 अदा करने वाले उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य में जी0एस0टी0 ग्राहक ऑनलाइन ईनाम योजना प्रारम्भ की गयी है। योजना की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

1. यह योजना मिठाई, रेस्टोरेन्ट (मल्टी नेशनल एवं नेशनल फूड चेन जैसे मैक्डोनाल्ड, डोमिनोज, के0एफ0सी0, सबवे, कैफे कॉफी डे, कोस्टा कॉफी, पिज्जा हट, हल्दी राम, बर्गर किंग, डकिन्स, सागर रत्न इत्यादि को छोडते हुए), ड्राई फ्रूटस, Non-branded readymade garments, कपड़ा, साड़ी, Salons/Beauty parlours, Gaming parlours, Laundry services, non branded footwears, आर्टीफिशियल ज्वैलरी के जी0एस0टी में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं द्वारा जारी बिलों पर आकर्षित होगी। यह योजना Composition dealers द्वारा जारी बिलों पर भी लागू होगी।
2. जीएसटी ऑनलाइन ईनाम योजना में भाग लेने के लिए बिलों की न्यूनतम करयोग्य धनराशि (Excluding Tax) रू0 200 होगी। केवल B2C बिल जो Consumer को जारी किये गये हों, वही इस योजना के पात्र होंगे। यह योजना ई–कॉमर्स आपरेटर के माध्यम से Online क्रय की गयी वस्तुओं/सेवाओं के बिलों पर लागू नहीं होगी।
3. यह योजना 01 सितम्बर, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक के जी0एस0टी0 बिलों पर लागू रहेगी। राज्य सरकार को इस योजना को कभी भी निरस्त/विस्तार/संशोधन करने का अधिकार होगा।
4. इस योजना की अवधि में लकी ड्रा के माध्यम से मासिक तथा योजना की समाप्ति के पश्चात मेगा लकी ड्रा के माध्यम से पुरस्कार दिये जायेगे। मेगा ड्रा अप्रैल, 2023 में किया जायेगा। जिसमें उपरोक्त अवधि (01 सितम्बर, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक) के ग्राहकों द्वारा अपलोड किये गये बिल शामिल होगें।
5. उक्त योजना की अवधि में माह सितम्बर, 2022 से मार्च, 2023 तक प्रत्येक माह 1500 व्यक्तियों को लकी ड्रा के माध्यम से चयनित करते हुए क्रमानुसार निम्न पुरस्कार दिये जायेगें:–

क्र0सं0	पुरस्कार
01–500	Mobile
501–1000	Smart Watch
1001–1500	Earphone/Ear buds

(माह नवम्बर, 2022 हेतु जो पुरस्कार निकाले जाएंगें उसमें माह सितम्बर, 2022 से माह नवम्बर, 2022 तक खरीद के बिल शामिल किए जाएंगें)।

6. पुरस्कार हेतु बिलों का चयन लकी ड्रा के द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तर पर मेगा लकी ड्रा हेतु क्रमानुसार निम्न पुरस्कार दिये जायेगें:–

क्र0सं0	पुरस्कार
01–18	Four Wheeler/Car (02+16= 18)
19–38	Two Wheeler (20) (200 to 350 CC)
39–88	Electric Scooter (50)
89–188	Laptop (100)
189–388	Smart TV- 32 inch (200)
389–888	Tab (500)
889–1888	Microwave (1000)

7. जिन बिलों पर लकी ड्रा निकला है उनका सत्यापन करने के उपरान्त ही पुरस्कार वितरित किये जायेगे। फर्जी बिल बनाने वालों अथवा योजना का दुरूपयोग करने वालों के विरूद्ध सुसंगत/विधिक कार्यवाही की जायेगी।
8. पुरस्कार निकलने के बाद बिल धारक के नाम व पते की पुष्टि करने के उपरान्त ही इनाम दिया जायेगा।
9. क्रेता Upload किये गये बिल की प्रति सुरक्षित रखेंगें एवं इनाम घोषित होने पर प्रस्तुत करेंगें।
10. किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त कर का निर्णय अन्तिम होगा।

उपर्युक्त योजना राज्य कर विभाग एवं ग्राहक/उपभोक्ताओं के रिश्ते को प्रगाढ़ बनाते हुए उत्तराखण्ड के विकास में कर की महत्वपूर्ण भूमिका को सुदृढ़ बनाने में सहयोग करेगी।

उपभोक्ताओ से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में अधिक से अधिक बिल एकत्र एवं अपलोड करके योजना में सहभागी बनें।